बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना – 800001
(पंजीयन सं. – 633 / 2003)
Website : basabihar.in, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
* सुशील कुमार
मो.– 9431091417, 7004466338
Email:shushilkumar09@gmail.com

महासचिव,
* खुर्शीद अनवर सिद्दिकी
मो. – 9771048046,
Email:siddiquikhursheed1@gmail.com

उपाध्यक्ष * किशोरी पासवान
* कमलेश सिंह
संयुक्त सचिव * अतुल कुमार वर्मा
* कुमार रविन्द्र
कोषाध्यक्ष * मिथिलेश कुमार साहु
संयुक्त कोषाध्यक्ष * मृणायक दास

पत्रांक 02

दिनांक 11-1-2019

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :– आयुक्त भागलपुर श्री राजेश कुमार(भा0प्र0से0) के द्वारा पदाधिकारियों के साथ अमर्यादित, अमानवीय व्यवहार एवं भयादोहन किये जाने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक जिला इकाई भागलपुर प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा सूचित (प्रति संलग्न) किया गया है कि ''श्री राजेश कुमार(भा0प्र0से0) प्रमंडलीय आयुक्त, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर के द्वारा अमर्यादित, अमानवीय व्यवहार तथा भयादोहन किये जाने के विरूद्ध आहूत की गई।

कर्मियों तथा पदाधिकारियों की कमी के कारण सभी पदाधिकारी कार्यबोझ से दबे हैं परन्तु सभी कार्यों का ससमय तथा सही तरीके से निष्पादन हेतु तत्पर हैं। ऐसे में प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा अधिकारियों के विरूद्ध प्रपत्र 'क' भरे जाने की धमकी की आड़ में भयादोहन से सभी पदाधिकारी मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। प्रमंडलीय आयुक्त का व्यवहार सभी पदाधिकारियों से अत्यंत ही बुरा है और इस व्यवहार का कारण पैसों की अपेक्षा है।

अतः भागलपुर कि बासा इकाई सर्वसम्मति से यह निर्णय लेती है कि :–

(i) बासा के सभी पदाधिकारी दिनांक 11.01.19 एवं 12.01.19 को श्री राजेश कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर के व्यवहार के विरोध में काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे।

(ii) सभी पदाधिकारी प्रमंडलीय आयुक्त की बैठकों का बहिष्कार करेंगे।''

2. बिहार प्रशासनिक सेवा संघ श्री राजेश कुमार के उपरोक्त वर्णित कार्य की घोर भर्त्सना करता है एवं भागलपुर जिला इकाई के प्रस्ताव का समर्थन करता है।

3. श्री राजेश पूर्व में निदेशक, आई0सी0डी0एस0, बिहार, पटना रहते हुए श्री मनोज कुमार चौधरी तत्कालीन प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी को प्रताड़ित करने के विरोध में भी संघ द्वारा पत्रांक–01, दिनांक–05.01.2010 (प्रति संलग्न) के द्वारा विरोध जताया गया था।

4. श्री राजेश कुमार(भा0प्र0से0) आयुक्त, भागलपुर प्रमंडल पर इसी प्रकार के आरोप अन्य सेवा संवर्ग यथा राजस्व पदाधिकारी सेवा संघ, भागलपुर, ग्रामीण विकास पदाधिकारी सेवा संघ, भागलपुर द्वारा भी की गई है। प्रशासनिक सेवा संघ, भागलपुर द्वारा बताया गया है कि लेखा संघ/निबंधन संघ भी आयुक्त के व्यवहार से आहत है(प्रति संलग्न)।

5. श्री राजेश कुमार(भा0प्र0से0) आयुक्त, भागलपुर का उपरोक्त कार्य से सरकार की छवि भी धूमिल हो रहा है।

उपरोक्त के आलोक में संघ चाहता है कि **श्री राजेश कुमार(भा0प्र0से0) आयुक्त, भागलपुर का तत्काल स्थानान्तरित करते हुए उपरोक्त बिन्दु पर जाँच कर श्री राजेश कुमार(भा0प्र0से0) आयुक्त, भागलपुर पर उचित कार्रवाई की जाय साथ ही उनके द्वारा भागलपुर प्रमंडल के बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का गोपनीय अभ्युक्ति प्रतिवेदित किये जाने पर रोक लगायी जाय।**

अनुलग्नक :– यथोक्त।

11/1/19

(खुर्शीद अनवर सिद्दीकी)
महासचिव

11/1/19

(सुशील कुमार)
अध्यक्ष

प्रतिलिपि :–अध्यक्ष/सचिव, जिला इकाई, भागलपुर को उनके ज्ञापांक–01, दिनांक–10.01.2019 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

11/1/19

(खुर्शीद अनवर सिद्दिकी)
महासचिव